## न्यूज विंडो

### शनि अमावस्या पर विविध कार्यक्रम

**लिंबे जलगांव.** परिसर में शनि अमावस्या के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. गुरुधानोरा के शनि मारुति मंदिर में शनिवार की



सुबह अभिषेक, महाआरती, शनिस्तोत्र पठन, हरिकीर्तन व महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा. यजमान दत्ता पवार हैं और पौरोहित्य ग्रामजोशी बालासाहब जोशी करेंगे. स्थानीय गवानंद महाराज मठ के शनिदेव को अभिषेक कर महाआरती की जाएगी. तत्पश्चात महाप्रसाद बांटा जाएगा. आयोजकों ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं की व्यवस्था की है. मंदिर परिसर में विभिन्न दुकानें लगाई गई हैं.

### सरलाबाई तोड़कर का निधन

**लिंबे जलगांव.** गंगापुर तहसील के तुर्काबाद खराडी निवासी सरलाबाई भागीनाथ तोड़कर (34) का लंबी बीमारी के कारण मंगलवार की दोपहर में निधन हो गया. वह अपने पीछे पति, पुत्र और दो बेटियों से भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं.



पैठण में गुरुवार को व्यापारियों ने दुकानें बंद रखकर किसान आंदोलन के दौरान हुई लाठीचार्ज की घटना का विरोध किया. सड़क पर दिन भर सन्नाटा पसरा रहा.

# पैठण बंद से जनजीवन प्रभावित

## किसानों पर लाठीचार्ज के खिलाफ शत-प्रतिशत बंद रहा शहर

पैठण | 16 नवंबर | लोस सेवा

गन्ने के दाम को लेकर आंदोलन करने वाले किसानों पर बुधवार को हुई गोलीबारी तथा पुलिस लाठीचार्ज के खिलाफ गुरुवार को सर्वपक्षीय पदाधिकारियों ने पैठण बंद में शामिल होकर पुलिसिया कार्रवाई का विरोध किया. आज शहर बंद रहने से आम जनजीवन पर असर पड़ा.

आज सुबह से सभी दलों तथा किसान संगठन के पदाधिकारियों ने खंडोबा चौक से रैली निकालकर पैठण बंद का एलान किया. जिससे सभी व्यापारी अपनी दुकानें और व्यापार बंद की. कोर्ट मार्ग, बस स्टैंड, नाका रोड, शिवाजी चौक, सब्जी मार्केट, नेहरू चौक की दुकानें बंद रखी गईं. किसी भी अनुचित घटना से निपटने के लिए डीएसपी स्वप्निल राठौड़ व पीआई अशोक गिरी ने तगड़ा पुलिस बंदोबस्त रखा था.

### गन्ना उत्पादक किसान नेता की गतिविधि पर नजर

गन्ना उत्पादक किसान आंदोलन के प्रतिनिधि की गतिविधियों पर पुलिस ने नजर रखकर मुख्य मार्ग पर गश्त बढ़ा दी है. आंदोलनकारियों की अगली रणनीति को देखते हुए पुलिस ने उन्हें प्रतिबंधात्मक नोटिस जारी किए हैं. पुलिस ने स्थिति नियंत्रण में होने का दावा किया है.

# जायरीनों को मूलभूत सुविधाएं देने की मांग

उर्स में सुविधा प्रदान करने की मांग का ज्ञापन सौंपा

खुलताबाद | 16 नवंबर | लोस सेवा

ऐतिहासिक सूफी संत हजरत शेख मुन्तजीबोद्दीन जर जरी जर बख्श का 713वां उर्स 24 नवंबर से आरंभ हो रहा है. उर्स तथा ईद-ए-मिलादुन्नबी के मौके पर यहां बड़ी संख्या में आने वाले जायरीनों (श्रद्धालुओं) को मूलभूत सुविधाएं व सुरक्षा प्रदान करने की मांग बुधवार को जिलाधिकारी नवल किशोर राम से की गई है.

उर्स व्यवस्था समिति और दरगाह कमेटी के एक शिष्टमंडल ने बुधवार को जिलाधिकारी नवल किशोर राम से मुलाकात कर उर्स में व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक चर्चा की और विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा.

ज्ञापन में उर्स में आने वाले श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना, श्रद्धालुओं के लिए राज्य परिवहन विभाग की बसें, खराब रास्तों की मरम्मत, दमकल विभाग, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बंदोबस्त, दौलताबाद घाट पर वाहनों के लगने वाले जाम पर नियंत्रण के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति आदि मांगें रखी गई हैं.

संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक लेकर उन्हें आदेशित करने की मांग शिष्टमंडल ने जिलाधिकारी से की है.

शिष्टमंडल ने पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, महाराष्ट्र पर्यटन विकास महामंडल के सह व्यवस्थापक अन्ना शिंदे, पुरातत्व विभाग के उप अधीक्षक से भी मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की. शिष्टमंडल में दरगाह कमेटी के अध्यक्ष मुनिबोद्दीन मुजीबोद्दीन, शरफोद्दीन, मो रमजानी, नवाब कमरोद्दीन, कैसरोद्दीन, मो नईम बख्श आदि मौजूद थे.



खुलताबाद में जर जरी जर बख्श उर्स में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विविध सुविधाओं की मांग को लेकर उर्स व्यवस्था समिति के शिष्टमंडल ने बुधवार को जिलाधिकारी नवल किशोर राम से मुलाकात की.


# सिल्लोड़-कन्नड़ मार्ग गड्ढों में तब्दील, मरम्मत की मांग

सिल्लोड़ | 16 नवंबर | लोस सेवा

सिल्लोड़-बोरगांव बाजार-कन्नड़ मार्ग के गड्ढों से हो रही परेशानी को लेकर पंचायत समिति सदस्य सैयद सत्तार सैयद इब्राहिम के नेतृत्व में ग्रामीणों ने हाल ही में नायब तहसीलदार संजय सोनवने को ज्ञापन सौंप कर उक्त मार्ग की मरम्मत की मांग की है.

नायब तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि सिल्लोड़ से कन्नड़ जाने वाले मार्ग पर बोरगांव बाजार से सिल्लोड़ के बीच बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढों से आए दिन दुर्घटनाएं घट रही हैं. ज्ञापन में दावा किया गया है कि इन गड्ढों के कारण कई वाहन चालकों एवं यात्रियों को हड्डियों से संबंधित तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है, परंतु लोकनिर्माण विभाग इस ओर ध्यान देने के लिए तैयार दिखाई नहीं दे रहा है, हालांकि इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों अकीदतमंद म्हस्ला, मुर्डेश्वर, वाकी के धार्मिक स्थल पर जाते हैं.

उक्त मार्ग पर धनोरा, वांजोला, वांगी, मोढ़ा फाटा इलाके में कई गड्ढे होने की जानकारी ज्ञापन में दी गई. सिल्लोड़-बोरगांव मार्ग पर जगह-जगह बने गड्ढे दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे हैं. गत कई वर्ष से मार्ग की मरम्मत नहीं किए जाने से आने-जाने वाले यात्रियों को गड्ढों के कारण कई परेशानी का सामना करना पड़ा रह है. लोकनिर्माण विभाग को मरम्मत का आदेश देने की मांग तहसीलदार से की गई है. इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य सैयद सत्तार बागवान सहित नगरसेवक रउफ बागवान, मौलाना इरफान, अब्दुल हमीद उर्फ मिया आदि उपस्थित थे.



सिल्लोड़ से कन्नड़ मार्ग के जानलेवा गड्ढों की मरम्मत की मांग का ज्ञापन हाल ही में नायब तहसीलदार सौंपते हुए पंस सदस्य सैयद सत्तार, रउफ बागवान आदि.

# किसान हित में सरकार गंभीर नहीं : सत्तार

सोयगांव | 16 नवंबर | लोस सेवा

मराठवाड़ा में दस महीनों में अस्सी किसानों की आत्महत्या हुई है. हर दिन तीन किसान आत्महत्या होने पर भी भाजपा सरकार किसानों के हित में कोई उपाय योजना नहीं कर रही है. यह आरोप गुरुवार को कांग्रेस की ओर से आयोजित जनाक्रोश मोर्चे में विधायक अब्दुल सत्तार ने लगाए. उन्होंने किसानों के मुद्दे पर अधिवेशन नहीं चलने देने की चेतावनी भी दी.

मोर्चे में पूर्व विधायक कल्याणराव काले, सिल्लोड़ के नगराध्यक्ष अब्दुल समीर, तहसील अध्यक्ष प्रभाकर काले, पंस सभापति धरम सिंह चव्हाण, देवीदास लोखंडे, गोपीचंद जाधव, नंदकिशोर सहारे, संचालक दामू गव्हाने, राहुल सावंत, गणेश दौड़, शांतिलाल अग्रवाल, दुर्गाबाई पवार, शकुंतलाबाई बनसोड़, सिल्लोड़ के नगरसेवक विट्ठल सपकाल, सत्तार हुसैन, शंकरराव खांडवे, संजय मुरकुटे, सलीम हुसैन, विमलबाई खैरनार, संध्या मापारी, बाबू चव्हाण, नगरसेवक लतीफ शहा, कृष्णा राउत, नंदू हजारी, रमेश गवंडे, मोतीराम पंडित, नामदेव सोन्ने, अक्षय काले, सुनील तिड़के आदि प्रमुख रुप से उपस्थित थे. जन आक्रोश मोर्चा की विविध मांगों का ज्ञापन तहसीलदार छाया पवार को सौंपा गया. इस मौके पर नायब तहसीलदार प्रभाकर गवली व विट्ठल जाधव भी मौजूद थे.

**सारे निर्णय उद्योगपतियों के काम के**

पूर्व विधायक कल्याण काले ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि क्या सिर्फ नोट बंदी, जीएसटी, विदेश दौरे और बुलेट ट्रेन के लिए जनता ने भाजपा को सत्ता दी? इन्हें केवल उद्योगपति इस्तेमाल कर रहे हैं. वाहनों पर छह प्रतिशत जीएसटी व किसानों के औजार ट्रैक्टरों पर 28 प्रश जीएसटी लगाने वाली भाजपा सरकार की मनमानी कांग्रेस चलने नहीं देगी. उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस सरकार के दौरान कपास पर लाल्या रोग, सूखा, प्राकृतिक आपदा आदि से हुए फसल नुकसान का अनुदान देकर किसानों की मदद की गई थी.

परंतु 2014 के बाद भाजपा सरकार ने किसानों की एक रुपए की भी मदद नहीं की, बल्कि किसानों का पैसा लूटकर उन्हें कतार में खड़ा करने का काम किया है.



सोयगांव में गुरुवार को कांग्रेस के जनाक्रोश मोर्चे को संबोधित करते हुए विधायक अब्दुल सत्तार.

### आपदा प्रबंधन पर दिया प्रशिक्षण

**आड़ूल.** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, जिलाधिकारी कार्यालय, औरंगाबाद द्वारा महाराष्ट्र राज्य आपदा प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत आड़ूल के ग्राम पंचायत कार्यालय में हाल ही में प्रशिक्षण और जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान प्रा पंकज दर्शले ने बिजली, जल, भूकंप, वायु आदि प्राकृतिक विपदाओं सहित घर में गैस रिसने पर कौन-सी उपाय योजनाएं करनी चाहिए, इस संबंध में महिलाओं को मार्गदर्शन किया. कार्यक्रम में सरपंच श्रीपाल राठोड़, पंस सदस्य शुभम पिवल, मंडल अधिकारी देशपांडे, पटवारी राजेंद्र आठवले आदि उपस्थित थे.



कन्नड़ में गुरुवार को तहसील विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से वाहन रैली निकालकर कानून विषय पर जनजागृति की गई.

# कानून विषय पर जनजागृति के लिए कन्नड़ में निकाली रैली

कन्नड़ | 16 नवंबर | लोस सेवा

औरंगाबाद विधि सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में तहसील विधि सेवा समिति व सभी वकीलों के संयुक्त तत्वावधान में शहर में गुरुवार को दोपहर में करीब दो बजे वाहन रैली निकाली गई. कन्नड़ के दीवानी न्यायालय में 9 से 18 नवंबर तक विधि सेवा सप्ताह के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को कानून विषय पर मार्गदर्शन किया गया. लोगों में कानून विषय की जनजागृति के लिए वकीलों द्वारा वाहन रैली निकाली गई. रैली को न्यायाधीश एएम हुसैन, एएस पंडागले और बीआर ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. रैली में वकील संघ के अध्यक्ष वीबी काले, सचिव एमएच सैयद, आरके कुलकर्णी, एसएच मेने, बीडी थोरात, नम्रता अग्रवाल, सारिका पवार सहित न्यायालय के कर्मचारी मौजूद थे.

### खेत विवाद में दो भाइयों में जमकर हुई मारपीट

वैजापुर | 16 नवंबर | लोस सेवा

कृषि विवाद को लेकर दो भाइयों के परिवार में जमकर मारपीट होने की घटना तहसील के खंडाला में हाल ही में घटी. एक-दूसरे की फरियाद पर सात लोगों के खिलाफ पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार खंडाला निवासी उद्धव पवार व पोपट पवार नामक दो भाइयों में खेत को लेकर विवाद जारी है. इसके चलते दोनों परिवार में जमकर मारपीट हुई. संगीता पवार ने वैष्णवी पवार को दांतों से काटकर जख्मी कर दिया, जबकि पोपट पवार ने लाठी से उद्धव पवार को पीटा. पुरुषोत्तम पवार ने लोहे की सरिया से मारकर संगीता पवार को जख्मी कर दिया. दोनों परिवारों ने एक-दूसरे के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी. एक-दूसरे की फरियाद पर संगीता पवार, उद्धव पवार, भागीनाथ पवार, पोपट पवार, पुरुषोत्तम पवार, गयाबाई पवार व वैष्णवी पवार के खिलाफ वैजापुर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है.

**प्रतिक्रिया** • बारामती एग्रो सीएसआर फंड से करेगा सहयोग

# कन्नड़ के हर थानों में लगेगी थंब मशीन : राजगुरु

कन्नड़ | 16 नवंबर | लोस सेवा

शहर व ग्रामीण पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों की नियमितता और सक्रियता बढ़ाने के लिए जल्द ही तहसील के प्रत्येक थानों में थंब मशीन (रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटीफिकेशन या थंब इंप्रेशन सुरक्षा प्रणाली) लगाई जाएगी. इसके लिए बारामती एग्रो के सीएसआर फंड से उक्त मशीन उपलब्ध कराने की मांग की गई है. यह जानकारी गुरुवार को उप विभागीय पुलिस अधिकारी नीरज राजगुरु ने दी.

यहां नीरज राजगुरु ने संवाददाताओं को बताया कि शहर सहित तहसील के कई इलाकों में



बढ़ती चोरी की घटना से चोर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं. इसलिए रात में पुलिस की गश्त बढ़ाई गई थी. परंतु इसका लाभ नहीं होने पर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ आरती सिंह के मार्गदर्शन में बारामती एग्रो से संपर्क कर सीएसआर फंड से थंब मशीन लगाने के लिए सहयोग की मांग की गई, जिस पर बारामती एग्रो ने थंब मशीन की सहमति दी है. उन्होंने कहा कि मराठवाड़ा में पहली बार यह योजना क्रियान्वित होगी. कन्नड़ उप विभागीय पुलिस अधिकारी के अंतर्गत कन्नड़ शहर थाना, ग्रामीण थाना, पिशोर थाना, खुलताबाद थाना में सुरक्षा हेतु थंब मशीन लगाने का फैसला लिया गया है. इससे पुलिस के कामकाज में गति आएगी और रात में गश्त के लिए जिन पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की गई है, वह पुलिस कर्मचारी अपने-अपने परिसर में सही तरह से गश्त कर रहे हैं या नहीं, इसकी भी जानकारी लेने में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को आसानी होगी.

### महत्वपूर्ण जगह पर लगेगा आरएफआईडी सिस्टम

मराठवाड़ा में पहली बार यह योजना क्रियान्वित होगी. चार थानों के महत्वपूर्ण स्थानों पर रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटीफिकेशन (आरएफआईडी) सिस्टम कार्ड लगाकर रात में गश्त करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के पास इस सिस्टम की यूनिट दी जाएगी. साथ ही यहां थंब लगाने की अनुमति दी जाएगी. बारामती एग्रो की तरफ से सुरक्षा प्रणाली के चलते उक्त मशीन देने का निर्णय लिया गया है. चार थानों को दो-दो सिस्टम कार्ड व 25 सिस्टम यूनिट सहित कुल 8 सिस्टम कार्ड व 106 सिस्टम यूनिट प्रदान किए जाएंगे. इससे पुलिस कर्मचारियों की सक्रियता, नियमितता व सतर्कता बढ़ेगी. इससे चोरी पर भी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी.

